Roll N

कुल प्रश्नों की संख्या : 14 ]
Total No. of Questions : 14 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

# I-252010/810–C

## विषय : हिन्दी

## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Maximum Marks : 80

**निर्देश** :
(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(ii) प्रश्न-पत्र के सभी प्रश्नों को तीन खण्डों—'क', 'ख' और 'ग' में विभक्त किया गया है।
(iii) खण्ड-'क' में 2 प्रश्न हैं, जिसमें 16 अंक निर्धारित हैं।
(iv) खण्ड-'ख' में 5 प्रश्न हैं, जिसके 4 प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं। इस खण्ड में कुल 20 अंक निर्धारित हैं।
(v) खण्ड-'ग' के 'आरोह' भाग में 32 अंक निर्धारित हैं।
(vi) खण्ड-'ग' के 'वितान' भाग में 12 अंक निर्धारित हैं।

### ( खण्ड-'क' )

**प्रश्न-1** अधोलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"परंपरागत पर्व केवल सामाजिक जुड़ाव को नहीं अर्थव्यवस्था को भी बल देते हैं। नवरात्र से शुरू हुआ त्योहारी मौसम प्रकाश पर्व दिवाली और फिर छठ पूजा तक, कई मायनों में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला



https://www.cgboardonline.com

है। हर वर्ष परंपरा के प्रकाश से मिलने वाली यह जगमग बढ़ ही रही है। इसका सबसे सुखद पक्ष यह है कि अब विदेशी सामानों के बजाय स्थानीय उत्पादों की खरीदी में आमजन की रुचि बढ़ी है। हालं के वर्षों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत देशी उत्पादों का गुणवत्ता के साथ सामयिक बदलाव और स्थानीय बाजारों से लेकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स तक बिक्री के लिए उपलब्ध होना, हर तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की बेहतरी से जुड़ गया है। उल्लास के साथ मनाये जाने वाले इन उत्सवों में सजावट से लेकर शृंगार तक, हर तरह के सामान और सेवाओं की माँग बढ़ जाती है। करवा चौथ जैसे पर्व पर मेहंदी लगाने का काम ही देशभर में एक बड़ा कारोबार है। यह सुंदरता में चार चाँद जो लगा देता है। इस उत्सवीय खरीद में अर्थव्यवस्था को संबल और कर्मठ-श्रमशील कारीगरों को मान देने का यह भाव 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच को साकार करने में हर भारतीय की भागीदारी सुनिश्चित करता प्रतीत होता है।''

(i) देश की अर्थव्यवस्था को किससे मजबूती मिल रही है? [2]

(ii) देशी उत्पाद किस तरह से अर्थव्यवस्था की बेहतरी से जुड़ गया है? [2]

(iii) आम लोगों में किसके प्रति रुचि बढ़ी है? [2]

(iv) 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच कैसे सुनिश्चित हो रही है? [2]

(v) त्यौहारों में किसकी माँग बढ़ जाती है? [2]

(vi) 'उल्लास' का संधि-विच्छेद कीजिए एवं 'संवर्द्धन' में उपसर्ग बताइए। [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$]

(vii) 'चार चाँद लगा देना' का अर्थ लिखिए। [1]

**प्रश्न-2** अधोलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''बाधाएँ आती हैं आएँ

घिरे प्रलय की घोर घटाएँ,



https://www.cgboardonline.com

पाँवों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों में हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।
कुश-काँटों से सज्जित जीवन,
प्रखर-प्यार से वंचित यौवन,
नीरवता से मुखरित मधुबन,
परहित अर्पित अपना तन-मन,
जीवन को शत शत आहुति में
जलना होगा, गलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।''

(i) कवि ने तन-मन को क्या करने की बात कही है ? [1]

(ii) 'कदम मिलाकर चलने' से क्या तात्पर्य है ? [1]

(iii) कवि ने कुश-काँटों से सज्जित जीवन क्यों कहा है ? [1]

(iv) इस काव्यांश में कौन-सा गुण है ? [1]

## ( खण्ड-'ख' )

प्रश्न-3 निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : [1+3+1=5]

(i) पेरिस ओलंपिक में भारत

(ii) प्रदूषण—वैश्विक चुनौती

(iii) 'मीठे वचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर'

(iv) साइबर की घातक दुनिया



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-4 राज्य में रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती शुरू कर शिक्षित बेरोजगारी दूर करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

*अथवा*

सरकारी अस्पतालों में इलाज की चरमरायी व्यवस्था को सुधारने हेतु जिलाधीश महोदय का ध्यानाकर्षण करते हुए सुझाव पत्र लिखिए।

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(i) वॉचडॉग पत्रकारिता किसे कहते हैं ? [1]

(ii) टी.वी. चैनलों पर प्रसारित समाचारों के प्रकार लिखिए। (कोई दो) [1]

(iii) संपादन का काम मुख्यतः कौन करते हैं ? [1]

(iv) संचार के मूल तत्वों के नाम लिखिए। [1]

प्रश्न-6 कहानी क्या है ? इसके दो तत्त्वों पर प्रकाश डालिए। [3]

*अथवा*

'साइबर ठग' एवं मोबाइल उपयोगकर्ता आम आदमी के बीच बातचीत के तीन-तीन संवाद लिखिए।

प्रश्न-7 'घटते वन, सिमटती धरती'—पर आलेख लिखिए। [3]

*अथवा*

'स्वच्छता पखवाड़ा'—पर प्रतिवेदन लिखिए।



https://www.cgboardonline.com

## ( खण्ड-'ग' )—'आरोह'

प्रश्न-8 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :

''सबसे तेज़ बौछारें गयीं भादो गया
सवेरा हुआ
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज़ चलाते हुए
घंटी बज़ाते हुए ज़ोर-ज़ोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए
कि पतंग ऊपर उठ सके—
दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज़ उड़ सके
दुनिया का सबसे पतला कागज़ उड़ सके—
बाँस की सबसे पतली कमानी उड़ सके—
कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और
तितलियों की इतनी नाजुक दुनिया।''

(i) 'तितलियों की नाजुक दुनिया' का क्या तात्पर्य है ? [2]

(ii) 'पतंग' की विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो) [2]

(iii) बच्चे क्यों उत्साहित हैं ? [2]

प्रश्न-9 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर, इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि,
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।



https://www.cgboardonline.com

जीविकाविहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहैं एक एकन सौं 'कहाँ जाई, का करी?'
बेदहुँ पुरान कही, लोकहुँ बिलोकिअत,
साँकरे सबै पै, राम! रावरे कृपा करी।
दारिद-दसानन दबाई दुनी, दीनबंधु।
दुरित-दहन देखि तुलसी हहा करी।"

(i) प्रस्तुत काव्यांश के छंद को स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) इस काव्यांश में प्रयुक्त रूपक अलंकार एवं अनुप्रास अलंकार को लिखिए। [2]

प्रश्न-10 (i) 'कैमरे में बंद अपाहिज' नामक कविता का कथ्य अपने शब्दों में लिखिए। [3]

(ii) 'कविता के बहाने' कविता के संदर्भ में 'बिना मुरझाए महकने के माने' क्या होते हैं? [3]

प्रश्न-11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"फिर वह कीनुओं को एक-एक करके टोकरी में रखने लगी, पुड़िया के इधर-उधर, आसपास और फिर ऊपर, यहाँ तक कि वह बिल्कुल छिप गई। आश्वस्त होकर उसने हाथ झाड़े, सूटकेस पलंग के नीचे खिसकाया, टोकरी उठाकर पलंग के सिरहाने रखी और लेटकर दोहरे ओढ़ ली।

रात को तकरीबन डेढ़ बजे थे। मार्च की सुहानी हवा खिड़की की जाली से आ रही थी। बाहर चाँदनी साफ़ और ठंडी थी। खिड़की के करीब लगा चंपा का एक घना दरख़्त सामने की दीवार पर पत्तियों के अक्स लहका रहा था। कभी किसी तरफ़ से किसी की दबी हुई खाँसी की आहट, दूर से किसी कुत्ते के भौंकने या रोने की आवाज़, चौकीदार की सीटी और फिर सन्नाटा! यह पाकिस्तान था। यहाँ उसके तीन सगे भाई थे, बेशुमार चाहने वाले दोस्त थे, बाप की कब्र थी, नन्हें-नन्हें भतीजे-भतीजियाँ थीं जो उससे बड़ी



https://www.cgboardonline.com

मासूमियत से पूछते, 'फ़ूफ़ीजान, आप हिन्दुस्तान में क्यों रहती हैं, जहाँ हम लोग नहीं आ सकते।' उन सबके और सफ़िया के बीच में एक सरहद थी और बहुत ही नोकदार लोहे की छड़ों का जंगला जो कस्टम कहलाता था।''

(i) सफ़िया के भतीजे-भतीजियाँ उससे क्या पूछते थे? [2]

(ii) सफ़िया और उसके परिवार को कौन अलग करता था? [2]

(iii) रात्रि का दृश्य किस प्रकार का था? [2]

**प्रश्न-12** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) कालजयी अवधूत किसे कहा गया है? [1]

(ii) दूर के ढोल सुहावने होते हैं। स्पष्ट कीजिए। [3]

(iii) बचपन की किन दो घटनाओं ने चार्ली के जीवन पर गहरा एवं स्थायी प्रभाव डाला? https://www.cgboardonline.com [$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$]

(iv) 'पर्चेजिंग पावर' किसे कहा गया है? भगतजी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो) [1+2=3]

## (खण्ड-'ग')—'वितान'

**प्रश्न-13** 'सिल्वर वेडिंग' के आधार पर उन जीवन मूल्यों की सोदाहरण समीक्षा कीजिए, जो समय के साथ बदल रहे हैं। [4]

*अथवा*

'सिल्वर वेडिंग' के अनुसार यशोधर बाबू के व्यक्तित्व की चार विशेषताएँ लिखिए।



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-14** ( **क** ) भव्यता के आडंबर से दूर सिंधु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी। सिद्ध कीजिए। [4]

***अथवा***

पर्यटक मुअनजोदड़ो में क्या-क्या देख सकते हैं? 'अतीत में दबे पाँव' के आधार पर किन्हीं चार दृश्यों का परिचय दीजिए।

( **ख** ) आनंदा के अंधेरे जीवन में उजाला भरने वाले दो महान व्यक्तियों के योगदान को विस्तार से समझाइए। [4]

***अथवा***

ऐन के व्यक्तित्व की चार विशेषताएँ लिखिए।

• • •



https://www.cgboardonline.com